# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक : 1226/अका./का.प./2005 रायपुर, दिनांक 25.05.2005

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की गुरूवार, दिनांक 12.05.2005 को सायंकाल 5:00 बजे विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के कुलपति कक्ष में आयोजित आपातिक बैठक का कार्यवृत्त :–

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. बी.पी. चन्द्रा, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. ओ.पी. वर्मा, कुलाधिसचिव | – | सदस्य |
| 3. | डॉ. विभूति राय | – | सदस्य |
| 4. | प्रो. एम.ए. खान | – | सदस्य |
| 5. | प्रो. ए.के. बंसल | – | सदस्य |
| 6. | डॉ. (कु.) हेमलता महोबे | – | सदस्य |
| 7. | श्री भागवत प्रसाद चन्द्राकर | – | सदस्य |
| 8. | श्री के.के. चन्द्राकर, कुलसचिव | – | सचिव |

विषय क्र. 1. विश्वविद्यालय तकनीकी संस्थान भवन निर्माण के लिए एच.डी.एफ.सी. से रू. 2.00 करोड़ की राशि ऋण लेने हेतु अनुमति प्रदान करने के प्रकरण पर विचार करना।

निर्णय : सर्वसम्मति से विश्वविद्यालय तकनीकी संस्थान को एच.डी.एफ.सी. से भवन निर्माण हेतु ऋण लेने की अनुमति प्रदान की गई ।

विषय क्र. 2. दिनांक 06.05.2005 को सम्पन्न विद्या परिषद की स्थायी समिति की बैठक की अनुशंसा के अनुमोदन पर विचार करना ।

निर्णय : दिनांक 06.06.2005 को सम्पन्न विद्या परिषद की स्थायी समिति की बैठक में की गई अनुशंसा को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया ।

उक्त बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव भी पारित किया गया :–

प्रो. बी.पी. चन्द्रा, कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के कार्यकाल के पूर्ण होने पर कार्य परिषद उनका हार्दिक अभिनंदन करती है । प्रो. चन्द्रा के कार्यकाल में विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक क्षेत्र में अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की है । उनके कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय में लगातार चार वर्षों तक दीक्षांत समारोहों का सफल आयोजन हुआ है ।

शिक्षकों तथा कर्मचारियों की पदोन्नति एवं नियुक्तियों से विश्वविद्यालय की कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है । उनके कार्यकाल में विश्वविद्यालय का सर्वांगीण विकास हुआ है ।

यह कार्य परिषद प्रो. बी.पी. चन्द्रा को इस अवसर पर भावभीनी बिदाई देते हुए उनके एवं उनके परिवार के समृद्धि तथा सुखद भविष्य की कामना करती है ।

कुलपति

कुलसचिव

पृ. कमांक : 1227/अका./का.प./2005

प्रतिलिपि :—

रायपुर, दिनांक 25.05.2005

1. महामहिम कुलाधिपति के सचिव, राजभवन छत्तीसगढ़, रायपुर ।
2. समस्त सदस्यों को,
3. वित्ताधिकारी,
4. आवासीय अंकेक्षक,
5. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निजी सहायक,

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

कुलसचिव